# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 31.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. प्रदेश भर में आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है ईद–उल–फित्र का त्योहार : नमाज अदा कर देश में अमन–चैन की मांगी गई दुआएं।
2. चैत्र नवरात्र पर प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में उमड़ रही है श्रद्धालुओं भारी भीड़ : प्रशासन द्वारा किये गये हैं विशेष इंतजाम।
3. इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश के चार सौ 43 न्यायाधीशों सहित पांच सौ 82 न्यायिक अधिकारियों को किया स्थानांतरित।

और

4. राज्य के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में कल से शुरू होगा नया सत्र : पहले दिन छात्र–छात्राओं को बांटी जायेंगी निःशुल्क पुस्तकें।

———————

ईद–उल–फित्र का त्योहार आज पूरे प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्य की प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की विशेष नमाज अदा की गयी। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश भर में 31 हजार 500 से अधिक स्थानों पर ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए। एक रिपोर्ट..

*प्रदेश में आज ईद की विशेष नमाज शांति और भाईचारे के साथ अदा की गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को ईद की बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में कहा कि ईद–उल–फितर खुशी और सौहार्द का त्यौहार है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए। यातायात की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

लखनऊ के ऐशबाग स्थित ईदगाह और आसिफी मस्जिद इमामबाड़ा में ईद की नमाज अदा की गई। लोगों ने देश में अमन और चैन की दुआएं मांगी और एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। ऐशबाग ईदगाह पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य सभा सांसद डा.दिनेश शर्मा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव औऱ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित प्रमुख लोगों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।

आगरा में ईद की विशेष नमाज ताज महल के अलावा जामा मस्जिद, ईदगाह कटघर, शाही मस्जिद सहित अन्य प्रमुख मस्जिदों में अदा की गई। एक रिपोर्ट...

*ताजमहल परिसर में स्थित मस्जिद में दूरदराज से हजारों की संख्या में सुबह से ही लोगों का ताजमहल पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। ताजमहल में पौने नौ बजे ईद की नमाज शुरू हुई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, ईद की नमाज और देशी विदेशी सैलानियों के लिए आज सुबह सात से दो बजे तक दो घंटे के लिए ताजमहल में सभी को निःशुल्क प्रवेश दिया गया, जबकि मुख्य मकबरे पर अतिरिक्त शुल्क था। सज्जन सागर आकाशवाणी समाचार आगरा।*

जौनपुरी, शामली, इटावा, अमरोहा, पीलीभीत, चित्रकूट, मऊ, फर्रूखाबाद, मेरठ, कानपुर, उन्नाव फिरोजाबाद, बदांयू, जालौन, सहारनपुर, गोरखपुर, गाजीपुर, अयोध्या और वाराणसी सहित सभी जिलों में ईद का त्योहार सद्भाव और भाइचारे के साथ मनाया गया।

————————

प्रदेश भर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा ईद के मौके पर सौगात–ए–मोदी सहायता किट वितरित की जा रही है। बरेली जिले में मुस्लिम महिलाओं ने कहा कि इस सौगात से जरूरतमंद मुसलमानों को राहत मिली है। एक रिपोर्ट......

*ईद के मौके पर भारतीय जनता पार्टी का सौगात–ए–मोदी अभियान बरेली में शुरू हो गया। पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा ज़िले में 500 अल्पसंख्यक परिवारों को यह किट बांटी जायेगी, जिससे उनकी ईद की खुशियाँ दोगुनी हो जाएं। आर्थिक रूप से कमज़ोर मुस्लिम समाज के लोगों के चेहरे यह किट पाकर खुशी से खिल उठे हैं। किट पाने वाले भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दे रहे हैं। नाजिया अंजुम आकाशवाणी समाचार बरेली।*

———————

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा–अर्चना की जा रही है। सहारनपुर के माता शाकुम्भरी मंदिर मं श्रद्धालु दर्शन–पूजन कर परिवार की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे है। भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा खास इंतजाम किये गये हैं। एक रिपोर्ट....

*सहारनपुर के सिद्धपीठ माता शाकंभरी देवी मन्दिर में रविवार से शुरू हुए चैत्र नवरात्र मेले के प्रथम दिन से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। बाबा भूरादेव मंदिर पर दर्शनार्थियों की चार लाइनें मंदिर परिसर से बाहर मार्ग पर दोनों ओर लग रही हैं। भोर में माता के श्रृंगार और भोग के बाद मंदिर के कपाट खुलने पर  समूची घाटी माता के जयकारे लग रहे हैं। श्रद्धालु अलग–अलग रूपो में देवी शक्ति माता की आराधना कर रहे हैं। बहुत से श्रद्धालु मनोकामना पूरी होने के बाद भूरादेव से लेट कर माता के दरबार तक पहुंच रहे हैं। विजयंत सैनी, आकाशवाणी समाचार सहारनपुर।*

वहीं वाराणसी के गंगा किनारे बालाजी घाट पर स्थित मां ब्रम्हचारिणी के मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। एक रिपोर्ट....

*काशी में मौजूद ब्रह्मचारिणी मंदिर में न सिर्फ स्थानीय लोग दर्शन के लिए आते हैं बल्कि अन्य जिलों से भी भक्त दर्शन एवं पूजन के लिए आते हैं. नवरात्रि शुरू होते ही इस मंदिर में लाखों भक्त मां के दर्शन करने के लिए आते हैं. ऐसी मान्यता है कि मां के इस रूप का दर्शन करने वालों को संतान सुख मिलता है. मां अपने भक्तों की सभी मनोकामना पूरी करती हैं। आकाशवाणी समाचार लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पांच सौ 82 न्यायिक अधिकारियों को स्थानांतरित किया है। इनमं 236 अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश, 207 वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश और 139 कनिष्ठ सिविल न्यायाधीश शामिल हैं। वार्षिक स्थानांतरण का यह आदेश कल शाम इलाहाबाद उच्च न्यायालय के संयुक्त रजिस्ट्रार सतीश कुमार पुष्कर ने दिया। सभी अधिकारियों को तत्काल नए स्थान पर पदभार ग्रहण करने का आदेश दिया गया है।

——————

प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद, कल से पूरे राज्य में अनाधिकृत ई–रिक्शा और ऑटो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जायेगा, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक में अनाधिकृत

रिक्शा और ऑटो के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन संजय सिंह को अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे प्रतिदिन मुख्यालय से जनपदों की मॉनिटरिंग करेंगे। इस अभियान में मुख्यालय के साथ जनपद स्तर के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की गई है।

———————

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में कल से नया सत्र शुरू हो रहा है। जौनपुर में सत्र के पहले दिन छात्र–छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया जायेगा। एक रिपोर्ट...

*बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। नए सत्र के पहले दिन विद्यालयों को आकर्षक रूप से सजाकर छात्रों का स्वागत करने की तैयारी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बताया कि नगर पालिका के मैदान पर एक अप्रैल को राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव नए सत्र का शुभारंभ करेंगे। पहले दिन सभी विद्यालयों में पुस्तकों के वितरण का शुभारंभ किया जाएगा। बीआरसी से स्कूलों में किताबें भेजी जा रही हैं। एक से 15 अप्रैल और एक से 15 जुलाई तक दो चरण में स्कूल चलो अभियान चलाने की तैयारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए राहुल यादव जौनपुर।*

———————

राजधानी लखनऊ में गोमती रिवरफ्रंट तथा जनेश्वर मिश्र पार्क में 16 गोल्फ कार्ट्स का संचालन शुरू होने जा रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती रिवर फ्रंट पर दो और जनेश्वर मिश्र पार्क में चार स्थानों पर 10 गोल्फ कार्ट्स के संचालन की प्रक्रिया शुरू करगा। इससे यहां

आने वालों के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त परिवहन सेवाएं उपलब्ध होंगी।

—————————

आईपीएल क्रिकेट में मुंबई इंडियंस आज शाम साढे सात बजे वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइटराइडर्स के साथ मुकाबला करेगी। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम आईपीएल के इस सीजन में अपना दूसरा मैच कल पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी।

लखनऊ में होने वाला यह मैच भारत रत्न अटल बिहारी वाजपई इकाना स्टेडियम में शाम को साढे सात बजे से शुरू होगा। घरेलू दर्शकों के बीच जहां लखनऊ की टीम अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है, वहीं पंजाब भी अपने जीत के क्रम को जारी रखना चाहेगी।

—————————

प्रदेश में सतही स्तर पर उत्तर–पश्चिम हवाएं चल रही हैं, जिसके कारण रात के न्यूनतम तापमान मं कुछ गिरावट दर्ज की जा रही है, लेकिन दिन में तेज धूप निकलने के कारण अधिकतम तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान जताया है।

—————————